राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–01/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार के राज्यपाल के पद की शपथ ली

पटना 02 जनवरी, 2025 :– श्री आरिफ मोहम्मद खां ने पूर्वाह्न 11:00 बजे राजभवन के राजेन्द्र मंडप में राज्यपाल, बिहार के पद की शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री के० विनोद चन्द्रन ने उन्हें शपथ दिलाई। श्री खां ने भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् बिहार के 42वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

राज्यपाल ने हिन्दी भाषा में इस प्रकार शपथ ली– **"मैं, आरिफ मोहम्मद खां, ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मैं श्रद्धापूर्वक बिहार के राज्यपाल के पद का कार्यपालन करूँगा तथा अपनी पूरी योग्यता से संविधान और विधि का परिरक्षण, संरक्षण और प्रतिरक्षण करूँगा और मैं बिहार की जनता की सेवा और कल्याण में निरत रहूँगा।"**

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, अनेक मंत्रीगण, बिहार विधान सभा के माननीय नेता, विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधानमंडल के अनेक सदस्यगण, बिहार सरकार के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण, माननीय राज्यपाल के परिजन तथा अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।

....